राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/314/2024 दिनांकः–28 फरवरी, 2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त बी0एड0 महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः–सयुंक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2023 के माध्यम से प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र–छात्राओं की संख्या के आधार पर फीस के भुगतान किये जाने हेतु आवश्यक सूचनाये उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकारी, उ0प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2023 के संलग्न पत्र संख्या बु0वि0/उ0प्र0बी0एड0/2023/879 दिनांक 17.02.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि सत्र 2023–24 में काउन्सलिंग के माध्यम से आपके महाविद्यालय के बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्र–छात्राओं से प्राप्त शुल्क का भुगतान महाविद्यालय के पक्ष में किया जाना है। इस हेतु महाविद्यालय के बैंक खाते का सत्यापन एवं प्रवेशित छात्र–छात्राओं से सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक सूचना संलग्न पत्र में अंकित गूगल फॉर्म पर भरी जानी है।

संलग्न पत्र में अंकित गूगल फॉर्म पर वांछित सूचना दिनांक 03.03.2024 तक भरना सुनिश्चित करें ताकि आपके महाविद्यालय में बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रों का शुल्क आपके महाविद्यालय के बैंक खाते में हस्तांतरित किया जा सके। किसी भी तरह की कठिनाई उत्पन्न होने पर बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झासी से सम्पर्क किया जा सकता है।
संलग्नः–यथोपरि।

भवदीय,
28/2/24
डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकारी, उ0प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2023।
3. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करें।
4. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित, कि इसे छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

28.02.24
उप कुलसचिव

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

सन्दर्भ-बु.वि./उ.प्र.बी.एड./2023/879 दिनांक-17/02/2024

(अनुस्मारक)

सेवा में,

कुलसचिव/नोडल अधिकारी,
सयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

विषय:- सयुंक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023 के माध्यम से प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर फीस के भुगतान किये जाने हेतु आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय

कृपया उपर्युक्त विषयक आप अवगत हैं कि शासनादेश संख्या-01/सत्तर-7-2022- बी.एड.(09)/2014टी.सी., दिनांक- 03/01/2023 के अनुसार आपके सहयोग से बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा सयुंक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023 का शुचितापूर्ण एवं सफल आयोजन कराने के पश्चात काउन्सलिंग की प्रक्रिया को भी सफलतापूर्ण ढंग से सम्पादित कराया है। उक्त के क्रम में काउन्सलिंग के माध्यम से आपके विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर महाविद्यालयों के पक्ष में फीस का भुगतान किया जाना है, जिस हेतु महाविद्यालयों के खाता के सत्यापन एवं प्रवेशित छात्र-छात्राओं से सम्बंधित बिन्दुओ पर आवश्यक सूचना वांछित है। उक्त हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर गूगल फॉर्म की लिंक तैयार की गयी है, जिसके माध्यम से समस्त महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि करते हुए सूचना उपलब्ध कराई जानी है। गूगल फॉर्म की लिंक निम्नवत है –

http://surl.li/qpaxa

अथवा

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSdJc9z4wOGWTUtUbWcO6fuS6b1p089Ta7FKk0a
voD98nnWPpA/viewform

अतएव आदेशानुसार अनुरोध है कि आपके विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को दिनांक-03/03/2024 तक उपरोक्त दी गयी लिंक के माध्यम से वांछित सूचनायें उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे कि समस्त महाविद्यालयों को प्रवेशित छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये खाते में भुगतान किया जा सके।

भवदीय

(विनय कुमार सिंह)
कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकारी,
सयुंक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2023

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner